तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जेबीसीसीआई गठन को लेकर संयुक्त मोर्चा ने गेवरा में की गेट मीटिंग



## खबर संक्षेप

### स्पेशल लोक अदालत में आवेदन 31 जुलाई तक

**कोरबा।** उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित किये जा रहे समाधान समारोह 21, 22, एवं 23 अगस्त को उच्चतम न्यायालय में आयोजित स्पेशल लोक अदालत के अन्तर्गत गूग्गल फार्म के माध्यम से मामले प्रस्तुत करने की समय-सीमा का उच्चतम न्यायालय, भारत के अनुसंधान एवं योजना केन्द्र तिलक मार्ग नई दिल्ली द्वारा विस्तार करते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि जो पूर्व में 31 मई तक निर्धारित थी उक्त तिथि को 31 जुलाई तक बढ़ाया गया है। आमजनों से अपील की गई है कि कोई पक्षकार जिनके मामले 31 मई तक उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं और वे स्पेशल लोक अदालत हेतु अपना आवेदन जमा नहीं कर पाये हैं, वे 31 जुलाई तक अपने मामले के समाधान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिवर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा ने बताया कि पुरस्कार प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नामांकन 31 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल पर किया जा सकता है।

### डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक कल

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 3 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है। प्रबंधक मार्गदर्शी बैंक कोरबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना पर चर्चा, पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि योजना पर भी चर्चा की जाएगी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं बैंक

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैंक प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं स्वीकृति की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ईशान जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, लीड बैंक मैनेजर कृष्णा भगत, सीएमओ नगरीय निकाय, बैंक प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### समय पर निवास प्रमाण पत्र मिलने से ग्रामीणों को राहत

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन और जनसेवा की भावना को साकार करते हुए नागरिकों तक शासकीय सेवाएं सरल, सहज और समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु पहल आमजन के लिए एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। सेवा सेतु के माध्यम से विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं अन्य नागरिक सेवाओं का लाभ अब एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

# खदान का पानी अब बुझाएगा प्यास, कोल नीर के रूप में मिलेगा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोयला खदानों से निकलने वाला पानी अब बेकार नहीं जाएगा बल्कि लोगों की प्यास बुझाएगा। कोल इंडिया ने अपनी महत्वाकांक्षी कोल नीर परियोजना के तहत खदानों के माइन वाटर को शुद्ध कर बोतलबंद पेयजल के रूप में उपलब्ध कराने की तैयारी पूरी कर ली है। जिसके तहत एसईसीएल सहित तीन अन्य अनुषंगी कंपनियों में भी माइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए एसईसीएल के तीन खदानों का चयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की 46 खदानों में लगभग 1280 लाख घनमीटर माइन वाटर उपलब्ध है। अब इस पानी को अत्याधुनिक आरओ एवं जल शोधन तकनीक से शुद्ध कर कोल नीर ब्रांड नाम से बाजार में उतारा जाएगा। योजना के तहत 20 लीटर की बोतल मात्र 5 में उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे स्थानीय लोगों को सस्ती दर पर सुरक्षित पेयजल मिल सके। यह परियोजना केवल बीसीसीएल तक सीमित नहीं रहेगी। कोल इंडिया की चार प्रमुख कंपनियों एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और एमसीएल में माइन वाटर बॉटलिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वेस्ट टू वेल्थ विज़न के अनुरूप विकसित की जा रही है। इसके माध्यम से खदानों से निकलने वाले पानी का उपयोग कर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कोल इंडिया के एसईसीएल सहित 4 कंपनियों में लगेगा प्लांट

**खास बातें**
- मात्र 5 रुपए में मिलेगा 20 लीटर पानी
- महिला स्व सहायता समूह की ली जाएगी भागीदारी



## पकड़े जाने के डर से कट्टा, बाइक छोड़कर भागे लुटेरे

# सराफा दुकान में मिर्ची पाउडर छिड़कर तान दिया कट्टा लुटेरों से भिड़ गया व्यापारी, भाग निकले अपराधी



सराफा दुकान से ज्वेलरी निकालती नकाबपोश महिला।



लुटेरो का सामना करते राजकुमार अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सराफा दुकान में नकाबपोश महिला व दो पुरुष बाइक में सवार होकर चांदी की अंगूठी खरीदने पहुंचे हुए थे।दुकान के संचालक चांदी की अंगूठी दिखा रहे थे तभी उसमें से एक युवक ने अपने पास में रखे मिर्ची पाउडर को दुकान संचालक पर छिड़ककर देशी कट्टा अड़ा दिया लेकिन दुकान संचालक ने हिम्मत की और लुटेरों से भिड़ गया। फिर क्या था लुटेरे हड़बड़ा गए और अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हंगामे की आवाज सुन और पकड़े जाने के भय से लुटेरे मौके पर ही अपनी बाइक, चप्पल और देशी कट्टा छोड़कर भाग निकले।

**खास बातें**
- एक महिला सहित तीन लोग अंगूठी खरीदने के बहाने पहुंचे थे सराफा दुकान
- कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी मेन रोड में संचालित राज ज्वेलर्स का मामला

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरी रोड में राजकुमार अग्रवाल 59 वर्ष पिता गुलाबचंद अग्रवाल द्वारा राज ज्वेलर्स के नाम से सराफा दुकान का संचालन किया जाता है। रोज की तरह राजकुमार अग्रवाल अपनी दुकान खोल कर बैठे थे। इस बीच दोपहर लगभग 1 बजे प्लेटिना बाइक में सवार होकर नकाबपोश एक महिला और दो पुरुष दुकान में पहुंचे ।उन्होंने चांदी की अंगूठी खरीदने की इच्छा जाहिर की। खरीदार समझ कर राजकुमार अग्रवाल ने अपने तिजोरी से चांदी की अंगूठी निकाली और सोफे में बैठे तीनों लोगों को अंगूठी की वैरायटी दिखाने लगे। इसी दौरान उसमें से एक युवक ने अपने पास रखे मिर्ची पाउडर को दुकान संचालक राजकुमार अग्रवाल के उपर छिड़कर कट्टा निकाल कर सीधे राजकुमार अग्रवाल पर तान दियाऔर लूटने का प्रयास किया। लुटेरों की हरकत को देखकर राजकुमार अग्रवाल कट्टा दिखा रहे युवक से भिड़ गए। इस दौरान दोनों लुटेरे श्री अग्रवाल से हाथापाई करने लगे, लेकिन राजकुमार अग्रवाल ने हार नहीं मानी और अंत तक दोनों से भिड़ते रहे। इस बीच वे जोर-जोर से चिल्लाते रहे। सराफा दुकान से चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए दुकान की ओर पहुंचने लगे। पकड़े जाने के भय से लुटेरे अपना देशी कट्टा, चप्पल और बाहर में खड़ी प्लेटिना मोटरसाइकिल को छोड़कर जंगल के रास्ते भाग निकले। इस दौरान साथी लुटेरों ने काउंटर से कुछ जेवरात उठा लिए थे जिसे वे अपने साथ ले गए है। बताया जाता है कि लूटे गए ये जेवरात आर्टिफिशियल थे। लूटपाट की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, कटघोरा थाना प्रभारी मोतीलाल पटेल, फोरेंसिक एक्सपर्ट खोजी डाग बाघा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की बारीकी से जांच की पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिलेभर में नाके बंदी की गई और लूटपाट का प्रयास करने वाले लुटेरों की सरगर्मी से खोजबीन की गई लेकिन देर शाम तक लुटेरों का कुछ पता नहीं चल पाया।पुलिस मामले में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन में जुटी हुई है।



देशी कट्टा जिसे पुलिस ने किया बरामद।



वारदात के बाद घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक व अन्य।



मोटर साइकिल प्लेटिना जिसे छोड़कर भाग निकले।

### गैरेज संचालक पर चाकू से हमला कर भागी महिला

बताया जाता है कि सराफा कारोबारी राजकुमार अग्रवाल ने जैसे ही लूटपाट करने पहुंचे तीनों लोगों पर जब हमला शुरू कर दिया तो पकड़े जाने के डर से तीनों लोग इधर उधर से भागने लगे। इस दौरान रोड में ऑटो गैरेज दुकान का संचालन करने वाले एक युवक ने मौके से भाग रही महिला को धरदबोचा था लेकिन इस दौरान महिला ने अपने पास में रखे चाकू से गैरेज संचालक पर हमला कर दिया और भागने में सफल हो गई।

### रायगढ़ से चोरी की गाड़ी लेकर पहुंचे थे आरोपी

पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लुटेरे जिस प्लेटिना मोटर सायकल से पहुंचे थे वह चोरी की है और रायगढ़ क्षेत्र से चोरी की गई है। फिलहाल पुलिस मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज और विभिन्न क्लू के आधार पर लुटेरों की छानबीन में जुटी हुई है।

# पैसा वसूल क्लॉथ स्टोर में लगी आग दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू



आग बुझाते हुए दमकल कर्मी व बाहर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर हाउस रोड स्थित पैसा वसूल क्लॉथ स्टोर में मंगलवार रात आग लग गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। घटना का सुखद पहलू था कि स्टोर पूरी तरह से खाली था दुकान में रखे प्लाईबोर्ड के सामान ही जले हैं। बताया जाता कि दुकान को नए सिर से चालू करने की तैयारी थी। जिसकी वजह से दुकान में किसी तरह का कपड़ा या अन्य सामान नहीं था।

**खास बातें**
- दुकान का रिनोवेशन करने की चल रही थी तैयारी, खाली था दुकान
- प्लाईवुड सहित पुराने सामान ही आया आग की चपेट में

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस रोड में मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण अधिकांश बाजार बंद थे। देर रात लगभग 11.30 बजे स्थानीय लोगों ने पैसा वसूल क्लॉथ स्टोर से धुआं निकलते देखा गया। उन्होंने तत्काल दुकान संचालक को सूचित किया। शटर खोलने पर पता चला कि दुकान के भीतर आग तेजी से फैल चुकी थी और सामान जल रहा था। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दुकान संचालक डीडीएम रोड निवासी रामचंद्र चावलानी जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अभी यह दुकान खरीदी थी दुकान में किसी तरह का कपड़ा व अन्य सामान नहीं था। दुकान में रखे पुराने प्लाईवुड के सामान जले हैं। दुकान को रिनोवेशन कर नया दुकान खोलने की तैयारी हो रही थी। दुकान में कैसे व किन परिस्थितियों में हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर बाल-बाल बचा चालक

**कोरबा।** कुसमुंडा इमलीछपार चौक पर बुधवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां एक जनरल स्टोर के सामने खड़ी स्कूटी को तेज रफ्तार 14 चक्का ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि स्कूटी सवार दुकान के अंदर सामान ले रहा था, वरना जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब 1 बजे एक व्यक्ति अपनी स्कूटी दुकान के सामने खड़ी कर जनरल स्टोर में सामान लेने गया था। इसी दौरान इमली छपार चौक से गुजर रहा 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आ गया और खड़ी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आवाज सुनकर दुकानदार और स्कूटी मालिक बाहर निकले। हादसा देखकर उनके होश उड़ गए। अगर स्कूटी सवार कुछ सेकंड पहले बाहर होता तो उसकी जान भी जा सकती थी।

## वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एसईसीएल का रिकॉर्ड प्रदर्शन

# एसईसीएल ने पहली तिमाही में किया 44.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कोयला उत्पादन, प्रेषण (ऑफटेक) तथा ओवरबर्डन रिमूवल ओबीआर तीनों प्रमुख परिचालन मानकों पर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। पहली तिमाही के दौरान एसईसीएल ने 44.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.19 प्रतिशत अधिक है।

इसी अवधि में कंपनी का कुल कोयला प्रेषण 48.79 मिलियन टन रहा, जिसमें 5.29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं ओवरबर्डन रिमूवल 99.36 मिलियन घन मीटर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.62 प्रतिशत अधिक है। जून 2026 का महीना भी एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस माह कंपनी ने अब तक का सर्वाधिक मासिक कोयला उत्पादन एवं प्रेषण दर्ज किया। साथ ही 34.05 मिलियन घनमीटर ओबीआर कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो निर्धारित मासिक लक्ष्य से लगभग 10 प्रतिशत अधिक तथा जून 2025 की तुलना में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ओबीआर में यह रिकॉर्ड प्रदर्शन आने वाले महीनों में उत्पादन की गति को बनाए रखने के लिए मजबूत परिचालन आधार प्रदान करेगा। कोयले के मैकेनाइज्ड एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में भी एसईसीएल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) प्रणाली के माध्यम से 19.58 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.7 प्रतिशत अधिक है। एफएमसी आधारित साइलो लोडिंग प्रणाली तेज, स्वच्छ एवं धूलरहित कोयला परिवहन को बढ़ावा दे रही है। एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं ओवरबर्डन रिमूवल के क्षेत्र में पहली तिमाही का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हमारे कर्मियों की प्रतिबद्धता और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता का परिणाम है। एफएमसी आधारित कोयला लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दक्ष एवं सतत खनन पद्धतियों को अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मानसून को देखते हुए हमारी सभी खदानों में व्यापक तैयारियां पहले ही सुनिश्चित की जा चुकी हैं और हम निर्बाध कोयला आपूर्ति के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में एसईसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका जारी रही। पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने विद्युत उत्पादन इकाइयों को 37.79 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। भूमिगत खनन के क्षेत्र में भी एसईसीएल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पहली तिमाही में भूमिगत खदानों से 3.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.35 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले छह वर्षों में पहली तिमाही का सर्वश्रेष्ठ भूमिगत उत्पादन है। एसईसीएल का यह रिकॉर्ड प्रदर्शन कंपनी की परिचालन दक्षता, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि कोल इंडिया लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2026-27 के उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



फाइल फोटो

### वाहन पार्किंग से चोरी की घटना रोकने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोरबा।** बालको क्षेत्र से लगे तीन भारी वाहन पार्किंग बनाये गये हैं, इस पार्किंग स्थल पर सैकड़ों गाड़ियाँ दिन व रात में को पार्क की जाती है। लम्बे समय से इन पार्किंग स्थल पर खड़ी गाड़ियों से डिजल, बैटरी, तिरपाल तथा अन्य सामानों की चोरी, संगठित चोर गिराह के द्वारा की जा रही है, चोर गिरोह गाड़ियों में हथियार लेकर आते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देकर चले जाते है। संबंधित विभाग व थाने में शिकायत करने पर गंभीरता से नहीं लिया जाता है। ज्ञात हो कि इन पार्किंग स्थल पर लाईट एवं सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था नहीं है, जिससे चोरी करने वालों को, चोरी करने का कोई भय नहीं है। बालको कंपनी द्वारा पार्किंग में सीसीटीवी कैमरा लाईटों का प्रबंध करते हुए, समूचित कार्यवाही करने परिवहन संघ ने कलेक्टर को पत्र लिखा है।

## खबर संक्षेप

### तबली मारकर पत्नी की हत्या, पति को उम्रकैद

**बिलासपुर।** पैसा देने से मना करने पर तबली मारकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को बेटे के बयान पर कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। तखतपुर क्षेत्र के ग्राम धूमा निवासी दिलहरण दास पिता स्व. मानदास मानिकपुरी 42 साल ने खेत बेचकर अपनी पत्नी इंद्राणी बाई मानिकपुरी को पैसा रखाया था। 26 जून 2023 को दिलहरण ने अपनी पत्नी से पैसा मांगा। जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। शाम 7 बजे दिलहरण खाना खाकर अपने बेटे के साथ कमरे में सो गया। घर का काम करने के बाद उसकी पत्नी बगल में खाट लगाकर बेटी के साथ सो गई। रात 2 बजे दिलहरण उठा और पैसा नहीं देने की बात को लेकर तबली से पत्नी इन्द्राणी बाई के सिर व गले में ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे इन्द्राणी बाई की मौके पर ही मौत हो गई थी। बेटे ने हत्या की पूरी वारदात को देख लिया था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया था। 1 जुलाई को प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शैलेष कुमार केतारप ने बेटे के बयान पर आरोपी दिलहरण दास मानिकपुरी को धारा 302 में उम्रकैद व 1000 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर अपर लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

### बाइक की टक्कर से पीएसआई घायल

**बिलासपुर।** सड़क पार करते समय बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीएसआई को टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें चोट आई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कोरबा बांकी मोंगरा अरदा निवासी परमेश्वर सिंह कंवर पिता पवन सिंह पुलिस विभाग रायपुर में पीएसआई के पद पर पदस्थ हैं।29 जून को वे कटघोरा से बस में बैठकर नेहरू चौक आए। बस से उतरकर वे सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 एटी, 1361 का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके पैर व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पटना-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 4-4 फेरे का विस्तार

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने पटना से चर्लपल्ली के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 4-4 फेरे का विस्तार करने का निर्णय लिया है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए पटना से चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन 17 जुलाई तक किया जा रहा था, जिसके 4-4 फेरे बढ़ा दिए गए हैं। परिचालन में विस्तार होने के बाद ट्रेन 03253 पटना से चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन पटना से 20 से 29 जुलाई तक प्रति सोमवार व बुधवार को और 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन 22 व 29 जुलाई तक 2 फेरे प्रति बुधवार को, 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन चर्लपल्ली से 24 से 31 जुलाई तक दो फेरे के लिए प्रति शुक्रवार को चलेगी।

### एसी कोच में चोरी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर एसी कोच में यात्रियों का सामान पार करने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 30 जून को रेल मदद शिकायत और जीआरपी से मिले एफआईआर में सूचना मिली कि 18109 टाटा से इतवारी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के एसी कोच बी 2 में सफर करने वाले एक यात्री का बैग चोरी हो गया है। बैग में लैपटॉप, मोबाइल, घड़ी सहित करीब 1 लाख 56 हजार रुपए का सामान है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल संरक्षा आयुक्त के आदेश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर खोजबीन शुरु कर दी। आरपीएफ की टीम ने रायपुर के महोबा बाजार आमानाका क्षेत्र में एम्बुश वॉच लगाकर दबिश देकर महोबा नगर निवासी विक्की सहनी पिता कैलाश सहनी 22 वर्ष को पकड़कर उसके पास से चोरी का सामान जब्त किया। आरोपी पूर्व में दो अपराधिक मामले और रेल संपत्ति चोरी के प्रकरण में बिलासपुर और रायपुर में जेल की सजा काट चुका है। आरपीएफ ने आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया।

**330 घरों का रजिस्ट्रेशन पूरा** | **38 घरों में मीटर लगाए जा चुके, 31 जुलाई तक सप्लाई प्रारंभ करने की तैयारी**

# माह के अंत तक शहर के घरों में पाइप लाइन से पहुंचने लगेगी गैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इस महीने के आखिर तक अब रसोई गैस की सप्लाई पाइप लाइन के जरिए होने लगेगी। अभी इसकी शुरूआत राजकिशोर नगर के कुछ ही घरों से की जा रही है। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा राजकिशोर नगर के 330 घरों में इसके लिए रजिस्ट्रेशन किया गया है, वहीं 38 घरों में मीटर भी लगाए जा चुके हैं। इस महीने के आखिर तक इन 38 घरों में पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई प्रारंभ हो जाएगी। इसके बाद कई चरणों में इसे शहर के विभिन्न हिस्सों तक विस्तारित किया जाएगा।

शहरवासियों को जल्द ही हर महीने एलपीजी के लिए बुकिंग करने, सिलेंडर से चूल्हे को कनेक्ट करने और एक से दो भरे एलपीजी सिलेंडरों को घरों में रखने का रिस्क उठाने के झंझट से आजादी मिल जाएगी। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा पाईप लाईन के जरिए घरों तक गैस पहुंचाने 52 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इसके अंतर्गत कछार स्थित गैस प्लांट से लेकर शहर तक लाईन बिछाई गई है। शहर के भीतर बिछाई गई पाईप लाईन की बात की जाए तो लगभग तीस किलोमीटर के दायरे में स्टील की मेन पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है।



#### मोपका, आरकेनगर व सरकंडा पहले फेस में

कंपनी के द्वारा वैसे तो शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टील की मेन सप्लाई लाईन डाली जा चुकी है, लेकिन कनेक्शन देने के लिए उनका पहला टारगेट मोपका, राजकिशोर नगर व सरकंडा है। इसके बाद दूसरे नंबर पर उसलापुर, मंगला व शुभम विहार क्षेत्र में विस्तार किया जा सकता है। तीसरे फेस में कंपनी कोनी तक लाईन का विस्तार करने पर विचार कर रही है। सबसे आखिर में शहर के बीच व घनी बसाहट वाले क्षेत्रों में लाईन विस्तारित की जाएगी।

#### तैयारी पूरी कर ली गई है

अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा शहर में पाईप लाईन के जरिए गैस सप्लाई की तैयारी कर ली गई है। शुरूआत संभवतः इसी महीने 38 घरों से हो सकती है।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

#### इतनी देनी होगी भुगतान राशि

पीएनजी याने पाईप नैचुरल गैस की सुविधा लेने वाले शहरवासियों को कुल 63 सौ रूपए का भुगतान करना होगा। इसके अंतर्गत तीन सौ रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क, एक हजार रूपए सिक्योरिटी डिपॉजिट एवं पांच हजार रूपए मीटर का शुल्क देय होगा। इस दौरान मीटर शुल्क के रूप में देय पांच हजार रूपए को एकमुश्त न देकर पांच-पांच सौ रूपए की बीस किश्तों में दिया जाना है। कनेक्शन लेने के बाद मीटर के जरिए इस्तेमाल की जाने वाली गैस की गणना होती रहेगी। इस दौरान महीने भर में जितनी गैस इस्तेमाल की जाएगी, उसी के अनुपात में बिल जारी किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि वर्तमान में एलपीजी इस्तेमाल करने के दौरान ग्राहकों को महीने में जितनी राशि खर्च करनी पड़ती है पीएनजी के लिए 25 प्रतिशत कम करनी पड़ेगी।

#### पहले क्षेत्र को एलपीजी फ्री जोन बनाना होगा

किसी भी क्षेत्र में पीएनजी लाईन देने के पहले ही उस क्षेत्र को एलपीजी फ्री जोन बनाने की जरूरत पड़ेगी। यह कार्य जिला प्रशासन की मदद से ही संभव हो सकेगा। जिस एरिए में पीएनजी कनेक्शन दिया जाएगा, जहां रहवासियों को तीन महीने का नोटिस देकर उनके एलपीजी गैस कनेक्शन को सरेंडर कराया जाएगा, ताकि उन्हें पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान ग्राहक अगर पीएनजी एवं एलपीजी दोनों ही तरह के कनेक्शन अपने घर पर रखना चाहें तो वे ऐसा नहीं कर सकेंगे, एलपीजी फ्री जोन होने के बाद उन्हें पीएनजी का ही कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

#### सुरक्षित साबित होगी योजना

पीएनजी कनेक्शन देने हमने पहले फेस में सरकंडा, राजकिशोर नगर व मोपका का चयन किया है। इसके अंतर्गत राजकिशोर नगर के 330 घरों में पंजीयन एवं 38 घरों में मीटर भी लगाए जा चुके हैं। पूरी संभावना है कि महीने के अंत तक सप्लाई प्रारंभ कर दी जाए। दूसरे व तीसरे चरण में शहर के अन्य हिस्सों को कवर किया जाएगा। पीएनजी कनेक्शन एलपीजी से न केवल सस्ती, बल्कि सुरक्षित भी साबित होगी।

-**विनोद साहू**, प्रोजेक्ट्स मैनेजर, अडानी टोटल गैस लिमिटेड

**तालापारा संजयनगर में बनाई गई कांक्रीट सड़क**

# 9 साल बाद बनी सड़क चंद घंटे में उखड़ गई, मोहल्लेवासी सुधारते रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

9 साल बाद बनवाई गई तालापारा संजय नगर की कांक्रीट सड़क एक दिन में ही उखड़ गई। इससे लोगों में गुस्सा है।


मोहल्लेवासियों का कहना है कि सड़क पहली ही बारिश की मार नहीं झेल सका। सड़क का सीमेंट बहने के कारण गिट्टी उधड़कर दिखने लगा। यहां के लोगों ने खुद सीमेंट और करनी लेकर उधड़े पलस्तर को सुधारा। नई सीमेंटेड उधड़ी गलियों पर साइकल, बाइक के चक्के और मवेशियों के पैरो के निशान दिखाई देने लगे।इस बारे में निगम से मिली जानकारी के मुताबिक तालापारा क्षेत्र में संजय नगर में मुरली कश्यप के घर से सुलभ शौचालय तक 7 लाख में 400 मीटर सड़क बन रही है।इसके साथ ही इसी वार्ड में जैतखांभ से रविदास मंदिर तक सड़क 8 लाख में बन रही है। सड़क की गुणवत्ता लोगों द्वारा खराब बताई जा रही है। महापौर ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण करने की बात कही है। वार्ड पार्षद श्रीमती संतोषी रामा बघेल ने कहा है कि ठेकेदार को मरम्मत करने कहा गया है।

### सवारी बैठाने को लेकर युवकों ने आटो चालक को पीटा

**बिलासपुर।** महाराणाप्रताप चौक पर आटो चलाने व सवारी बैठाने को लेकर चालक के साथ युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पूर्व में आटो चालक के द्वारा यात्री से मारपीट करने का वीडियों जोरो से वायरल हुआ था। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विनोद चेलकर आटो चलाता है। 30 जून को दोपहर में शाहिल कुर्रे ने हाथ से इशारा कर बुलाया। पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर क्रास कर उसके पास गया था। शाहिल ने उसे इधर आटो क्यो चलाते हो सवारी बैठाकर जाते हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर शाहिल कुर्रे, गोला टंडन, चकरा कुर्रे, सुभाष कुर्रे ने गुण्डागर्दी करते हुए उसके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। पुलिस ने विनोद की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में महाराणाप्रताप चौक पर एक आटो चालक की गुण्डागर्दी का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आटो में बैठने से मना करने पर चालक ने यात्री के साथ बेरहमीपूर्वक मारपीट किया था। महाराणाप्रताप चौक पर शेड के नीचे कतार से सड़क पर आटो खड़े रहते हैं। जिसके चलते रोजाना लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**सिरगिट्टी बन्नाक चौक में हुआ हादसा**

## बेलगाम बोलेरो ने बच्ची को मारी टक्कर ड्राइवर की पिटाई गाड़ी में तोड़फोड़





**बिलासपुर।** बेलगाम बोलेरो के ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क पार करी मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों ने ड्राइवर की जमकर पिटाई कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी है। भ्रमण पर निकले टीआई ने लोगों से ड्राइवर को छुड़ाकर थाना भेजा और खून से लथपथ बच्ची को अपनी गाड़ी से ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।



बोलेरो चालक

1 जुलाई 2026 को शाम 6.30 बजे सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह स्टाफ के साथ टाउन भ्रमण पर निकले थे। बन्नाक चौक के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी थी और बोलेरो क्रमांक सीजी 12 आर, 3489 के ड्राइवर जरहाभाठा कुम्हारपारा निवासी मनीष सूर्यवंशी के साथ मारपीट की जा रही थी। गाड़ी रोककर श्री सिंह मौके पर गए और भीड़ को तितर भीतर कर ड्राइवर को लोगों से छुड़ाया। वहीं मौके पर एक साढ़े तीन साल की बच्ची खून से लथपथ कराहते हुए पड़ी थी। श्री सिंह ने तत्काल ड्राइवर को थाने भेजकर सड़क से घायल बच्ची को उठाकर अपने गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए निजी हास्पिटल लेकर गए।

#### सड़क पार करते समय मारी टक्कर

मासूम बच्ची खेलते हुए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बेलगाम बोलेरों ने ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है।

**लोरमी के सिद्धी विनायक व मिनीमाता कालेज का मामला**

# एयू ने सामुहिक नकल मामले में कार्रवाई करते हुए दो कालेजों से छीना परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

▪ यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ता ने मारा था छापा

अटल यूनिवर्सिटी ने सामूहिक नकल के मामले में कार्रवाई करते हुए संबद्ध मुंगेली जिले के लोरमी स्थित दो निजी कालेजों से परीक्षा केन्द्र हटा दिया है। सिद्धी विनायक कालेज व माँ ममतामई मिनीमाता कालेज में यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ता ने सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छापामार कार्रवाई करते हुए सामूहिक नकल प्रकरण बनाया था, जिसके बाद यूनिवर्सिटी ने यह कार्रवाई की है।

अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत लोरमी के सिद्धी विनायक कालेज के सभी सेमेस्टर परीक्षार्थी लोरमी के ही शासकीय राजीव गांधी कालेज परीक्षा सेंटर में शामिल होंगे। इसी तरह मां ममतामई मिनीमाता कालेज के भी सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षार्थी 2 जुलाई से परीक्षा समाप्ति तक राजीव गांधी कालेज सेंटर से परीक्षा दिलाएंगे। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीएससी



सेकेण्ड सेमेस्टर परीक्षा के दौरान पिछले गुरूवार को लोरमी के दो निजी कालेजों सिध्दी विनायक और ममतामयी मिनीमाता कालेज में सामूहिक नकल पकड़ी गई थी। यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ते ने दोनों ही परीक्षा केन्द्रों से सबंधित सामग्री जब्त कर यूनिवर्सिटी में परीक्षा विभाग को सौंप दी थी।

अटल यूनिवर्सिटी के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों में दूसरे, चौथे , छटवें सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रहीं हैं। पिछले सप्ताह बीएससी सेकेण्ड सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान यूनिवर्सिटी की फ्लाईंग स्क्वाड टीम ने लोरमी के निजी परीक्षा केन्द्रों का निरिक्षण किया। जहां संचालित ममतामयी मिनीमाता कालेज और सिध्दी विनायक निजी कॉलेज में उडनदस्ते के डॉ. अजय सिंह एवं अजय यादव की टीम जैसे ही पहुंची वहां अफरा-तफरी मच गई। मिनीमाता कॉलेज के परीक्षा हाल में परीक्षार्थियों को बाकायदा सामूहिक रूप से साथ बैठाकर नकल कराई जा रही थी। केंद्राध्यक्ष और प्राचार्य को बुलाकर इसकी पूरी विधिवत जानकारी दी गई। इसके बाद पूरी नकल सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया। इसी तरह सिध्दी विनायक कॉलेज में भी हाल में सबके सब छात्र आराम से नकल करते हुए पर्चे हल कर रहे थे। स्थानीय परीक्षकों की जानकारी में यह सब किया जा रहा था । केन्द्राध्यक्ष के बारे में बताया गया कि वे अवकाश पर हैं। इसी तरह प्रिंसिपल भी अवकाश पर बताए गए। उडनदस्ते ने पहले ही फोन कर अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. तारणीश गौतम को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद सभी दस्तावेज जब्त करते हुए सामूहिक नकल का प्रकरण दर्ज किया गया। यूनिवर्सिटी पहुंचने के बाद दल ने परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर को पूरी जब्त सामग्री सहित रिपोर्ट सौंप दी थी।

# बिजली सुधारने खंभे में चढ़े ठेकेदार का कर्मचारी करंट में झुलसा, मौत

**बिलासपुर।** बिजली सुधारने के लिए खंभे में चढ़ा ठेकेदार का कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी हास्पिटल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। वहीं डॉक्टरों ने भी कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया है।

विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के ग्रामीण क्षेत्र कोटा में ग्राम अमाली निवासी नीलकमल भारद्वाज पिता रामकिशुन भारद्वाज 25 साल ठेकेदार के साथ बिजली सुधार कार्य करने का काम करता था। बिजली बंद की शिकायत मिलने के बाद वह बुधवार की दोपहर गड्ढापारा स्थित आईटीआई कॉलेज के पास बिजली सुधार कार्य करने के लिए पहुंचा। नीलकमल बिजली सुधारने के लिए खंभे के ऊपर चढ़कर मरम्मत करने लगा। इस दौरान अचानक बिजली शुरु हो गई, जिसमें करंट की चपेट में आने के कारण वह बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। करंट की चपेट में आने के कारण नीलकमल को उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल





घटना की जानकारी लेते अफसर। इनसेट में मृतक।

पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कोटा पुलिस और वितरण कंपनी के अधिकारी और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस संबध में वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े ने बताया कि मृतक ठेकेदार का कर्मचारी था। करंट की चपेट में आने के कारण उसकी मौत हुई है। विभाग की ओर से मृतक के परिजन को मुआवजा राशि चार लाख रुपए के अलावा अन्य राशि भी प्रदान की जाएगी।

**5.50 करोड़ की सिंचाई परियोजना पर उठे सवाल**

# पहली बारिश में बह गई 4.88 करोड़ की नहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित भाला गिरवानी परियोजना पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। इस परियोजना का 4.88 करोड़ रूपये का निर्माण कार्य टेंडर के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन निर्माणाधीन कांक्रीट नहर पहली ही मूसलाधार बारिश में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 5.5 किलोमीटर लंबी कांक्रीट नहर घाघा नदी से निकाली जा रही है जिससे भाला और विजयनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलनी है। परियोजना पूरी होने के बाद खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलने से काफी उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन निर्माण पूरा होने से पहले ही नहर के टूटने से क्षेत्रवासियों को बड़ा झटका लगा है। नहर का निर्माण पूर्ण भी



नहीं हुआ तथा वह पहली बारिश का दबाव नहीं झेल सकी जिससे ग्रामीण गुणवत्ताहीन निर्माण एवं तकनीकी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। स्थानीय किसान सरवन सोनी, इफ्तेहार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के समय से ही कई बार अधिकारियों को गुणवत्ता संबंधी शिकायतें की गई थी। निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया न ही क्योरिंग की गई जिसके कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई। इंजीनियरों द्वारा नियमित देखरेख नहीं करने एवं ठेकेदार के तकनीकी कर्मचारी के अधिकांश समय अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से नहर टूटने, निर्माण सामग्री और गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराने एवं दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री एनपी डहरिया ने बताया कि नहर के लोवेस्ट पॉइंट पर क्रॉस ड्रेनेज बनाना था। ठेकेदार को क्रॉस ड्रेनेज बनाने निर्देशित किया गया था। क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण नहीं होने के कारण पानी का दबाव बढ़ने के कारण नहर क्षतिग्रस्त हुई है। मामले में ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के सौदागर की 7.50 लाख की संपत्ति होगी कुर्क, भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

▪ नशे के कारोबार के आरोप में परिवार जेल में बंद

नशे के सौदागर की काली कमाई से खरीदी गई 7.50 लाख की संपत्ति कुर्क करने का प्रस्ताव बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा गया है। आदेश जारी होते ही संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी।

30 जनवरी 2026 को सिविल लाइन पुलिस ने मंगला चौक में घेराबंदी कर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी स्वराज कुर्रे पिता छन्नू कुर्रे 20 साल को पकड़ा। उसकी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 सीए, 8764 की जांच करने पर 1 हजार 990 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के घर से नशे के कारोबार से खरीदे गए 2 ई रिक्शे, पल्सर बाइक, एसी, फ्रीज सहित अन्य 7.50 लाख की संपत्ति जब्त किया है। पुलिस ने उक्त संपत्ति को कुर्की करने प्रस्ताव बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा है। कोर्ट के आदेश जारी होते ही उक्त संपत्ति को कुर्क कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, आरोपी स्वराज कुर्रे का परिवार लंबे समय से जरहाभाठा मिनीबस्ती में बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार कर रहे थे। नशे का सामान बेचने के आरोप में आरोपी की मां जुगनी बाई, दूसरी मां गोदावरी बाई, भाई अक्षय कुर्रे, आकास कुर्रे, सुभाष कुर्रे, बहन श्रृष्टि कुर्रे जेल में बंद है। उसकी मां जुगनी बाई, भाई अक्षय कुर्रे को 15 - 15 साल की सजा हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के अध्यक्ष बने रिंकू



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम एवं प्रदेश महासचिव कृष्ण कन्हैया गोयल ने कोरबा जिला इकाई का अमरीक सिंह (रिंकू) को अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरदी बाजार में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही न्योता भोजन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश दिया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री पटेल कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है यहां बच्चों को उज्वल भविष्य का निर्माण होता है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरदीबाजार में लगातार छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां की विद्यालय में किस तरह से बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराया जा रहा है। प्राचार्य सहित शिक्षकगढ़ को भी बधाई दिए कि लगातार यहां बच्चों की पढ़ाई स्तर बढ़ती जा रही है। इस दौरान उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य हैं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बच्चों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान प्रार्थना के लिए शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए का घोषणा किया।

### श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि में श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल व श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल मंचस्थ रहे। इस मौके पर विक्रम अग्रवाल ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव विद्यालय में मनाया जा रहा है और हमारे बच्चे आज हम एक नई सीढी चढ रहे है शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरूआत हो रही है। विशिष्ट अतिथि अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि हम पुरे साल शाला प्रवेश उत्सव मनाते रहे जिससे साल के आखिरी दिन हमें कम मेहनत करनी पडे। इस अवसर पर गोपाल अग्रवाल ने कहा कि मैं बच्चों का अभिनंदन करता हूं आज से अच्छे से शुरूआत कि जाये और योजना बनाई जाये और आगे काम किया जाये। मुख्य अतिथि बजरंग अग्रवाल ने कहा कि हमें आज से पढाई कि तैयारी करनी चाहिए ताकि परीक्षा के समय हमारी तैयारी रहे उस समय ज्यादा कठिनाई ना हो हमें अच्छे बच्चों के साथ साथ जो पढाई में कमजोर बच्चें है उनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनुप अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, भूमिका अग्रवाल, श्रीमति भगवती मोदी, श्रीमति अनिता सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, नितिश डालमिया व प्राचार्य भूपेन्द कुमार पांडे व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### सेजेस पोलमी परिसर में मनाया गया संयुक्त शाला प्रवेश उत्सव



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में पाली विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सेजेस पोलमी परिसर में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संकुल पोलमी एवं संकुल निरधि के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का संयुक्त रूप से तिलक कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कौशल सिंह नेटी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर सिंह जगत, ग्राम पंचायत पोलमी के सरपंच सुशील जगत तथा एसएमडीसी पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन सेजेस पोलमी हाई स्कूल की प्राचार्य सविता कश्यप के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संकूल अंतर्गत प्रधानपाठक अशोक कुमार भोई, सुशील तिवारी, देवराज सिंह राजपूत, मोहन कश्यप, संतोष कर्ष, राधेलाल टोप्पो आदि उपसिथित थे।

---

### परसाभाठा रुमगरा मार्ग और बेलगरी नाला पुल से गुजरते हैं भारी वाहन

# खराब सड़क और जर्जर पुल की नहीं हुई मरम्मत, फिर लगेगा वाहनों का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परसाभाठा-रुमगरा मार्ग और बेलगरी पुल के जर्जर होने के कारण मरम्मत की दरकार बनी हुई है। बरसात में इन मार्गों से गुजरना मुश्किल हो जाता है। बारिश में सड़क मार्ग में बने गड्ढे डबरी जैसे नजर आते हैं वहीं बेलगरी पुल में जल भराव होने से हादसों का खतरा बना रहता है। पिछले लंबे समय से यही स्थिति होने के कारण उक्त मार्ग में वाहनों का जाम बारिश के दिनों में आम बात हो गई है।

शहर के बाहरी हिस्सों से गुजरने वाले सड़क मार्ग और पुल मरम्मत की बाट जोह रहे हैं जिनसे प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन गुजरते हैं लेकिन इन मार्गों की हालत कुछ स्थानों में ऐसी हो गई है कि बारिश के दिनों में इनसे गुजरना कठिन हो नहीं बल्कि नामुकिन हो जाता है। भारी वाहनों के साथ आम लोगों के भी वाहन मुख्य मार्ग होने के कारण इन्हीं मार्गों से गुजरते हैं जिससे आवागमन का दबाव भी बना रहता है। इन मार्गों में प्रमुख मार्ग दर्री ध्यानचंद चौक से रुमगरा, परसाभाठा, रिस्दी प्रमुख मार्ग है जिनसे दर्री और चांपा की ओर से आने वाले वाहनों का आवागमन प्रतिदिन होता है। शहर के बाहर से भारी वाहनों के लिए आवागमन हेतु यही प्रमुख मार्ग है इस मार्ग में ढेंगुरनाला और बेलगरी नाला में बने दोनों पुल इस समय जर्जर हो चुके हैं। बरसात में पुल में बने गड्ढों में जल भराव होने से हादसों का खतरा बना रहता है। दोनों ही मार्गों में पुल के दोनों ओर वाहनों का जाम भी बरसात के दिनों में लग जाता है।



बेलगरी नाले का जर्जर पुल जहां लगता है जाम।

#### अतिक्रमण से चौराहा हुआ सकरा



दर्री पॉलिटेक्निक कॉलेज मार्ग के बीच चौराहा पड़ता है उक्त चौराहे से बेलगरी बस्ती एवं स्तरेंगा तथा बालको व दर्री जाने वाले वाहन गुजरते हैं। चौहारे के चारों ओर गुमटियों और दुकानों के अतिक्रमण के कारण चौक भी सकरा हो गया है। कई बार भारी वाहन स्तरेंगा की ओर से दर्री की ओर आते हैं तो वहीं दर्री की ओर से बालको जाने वाले भारी वाहन इसी चौक से गुजरते हैं। इससे भी चौराहे में जाम लगता है चौराहे की चौड़ीकरण के लिए भी लगातार मांग की गई है। अवैध गुमटियों और दुकानों की वजह से चौराहा सकरा होते जा रहा है।

#### आम लोगों को जूझना पड़ता है जाम की समस्या से

सबसे बड़ी समस्या दर्री से बालको आने वाले आम लोगों को होती है। जो बारिश के दिनों में पॉलिटेक्निक कॉलेज से लेकर परसाभाठा बजरंग चौक तक जर्जर सड़क और पुल के कारण भारी वाहनों के फंसने से लगने वाले जाम के कारण होती है। जाम की यह स्थिति अक्सर बारिश के दिनों में ही होती है। दोनों ही पुल के मरम्मत के लिए कार्ययोजना ही बनी और टेंडर तक ही सीमित रही है और अब तक इन दोनों पुलियों के मरम्मत के अलावा समानांतर पुल निर्माण की भी आवश्यकता महसूस होने लगी है। भारी वाहनों के जाम में फंसने वाले लोगों में आम लोगों के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं स्कूली छात्रों के अलावा शिक्षक भी शामिल हैं जो समय पर कॉलेज और स्कूल नहीं पहुंच पाते।

---

## अब निगम के वाहनों को पेट्रोल, डीजल के लिए नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के स्वयं के पेट्रोल पम्प की स्थापना का मार्ग अब प्रशस्त हो चुका है तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा पेट्रोल पम्प स्थापना हेतु अपनी सहमति प्रदान कर दी गई है। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारियों ने यह सहमति पत्र सौपा। निगम के स्वयं का पेट्रोप पम्प स्थापना से निगम के वाहनों को डीजल पेट्रोल हेतु विभिन्न पेट्रोल पम्पों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, समय एवं दूरी की बचत होगी, वहीं इससे निगम को लगभग 36 से 40 लाख रूपये की सालाना बचत भी होगी।

**खास बात**

■ लगभग 36 से 40 लाख रुपए की होगी सालाना बचत

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा अपने वाहनों के बेडे.के लिये सुगम रूप से पेट्रोल डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के मद्देनजर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम का अपना स्वयं का पेट्रोल पम्प की स्थापना किये जाने का कदम उठाया गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस दिशा में पूर्व के अनेक वर्षों से निगम द्वारा प्रयास किये जा रहे थे किन्तु सफलता नहीं मिल रही थी, अब निगम प्रशासन के इस प्रयास को सफलता मिली है। पेट्रोल पम्प स्थापना हेतु निर्धारित मानदण्डों की पूर्ति सुनिश्चित कराते हुये निगम द्वारा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड से पम्प स्थापना हेतु कार्पोरेशन की सहमति व इस हेतु आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया गया था, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा इस पर अपनी सहमत प्रदान कर दी गई है, कार्पोरेशन के अधिकारियों ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को उक्त आशय का पत्र सौपा तथा निगम के स्वयं के पेट्रोल पम्प स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया। उक्त पेट्रोल पम्प सीएसईबी चौक के समीप स्थित निगम के मुख्य केन्द्रीय भण्डारगृह परिसर में स्थापित किया जायेगा। सहमति पत्र प्रदान किये जाने के अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के उप महाप्रबंधक सेल्स बिलासपुर क्षेत्र आर्नव चटर्जी, उप महाप्रबंधक मार्केटिंग रमेन्द्र बर्मन, क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी कोरबा शुभम पायरा एवं मार्केटिंग मेनेजर महेश गुईंग आदि उपस्थित थे।

---

## बांकी मंडल में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मंडल कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल बांकी मोंगरा का डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण मंडल कुसमुंडा के सरस्वती शिशु मंदिर, गेवरा बस्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा के नेतृत्व में किया गया। मंडल प्रभारी अजय दुबे ने अध्यक्षता की। मुख्य प्रवक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता नगर निगम कोरबा पार्षद एमआईसी मेंबर हीतानंद अग्रवाल उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि डीएलपी यानी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रोग्राम कार्यकर्ता निर्माण की पाठशाला है। यहां से प्रशिक्षित कार्यकर्ता बूथ को मजबूत करता है और बूथ जीता तो चुनाव जीता। उन्होंने बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, सोशल मीडिया का उपयोग एवं केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। मंडल प्रभारी श्री दुबे ने संगठनात्मक संरचना, आगामी कार्यक्रम एवं सक्रिय सदस्य अभियान पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने मंडल की कार्ययोजना की समीक्षा कर समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती कमला देवी बरेठ, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत कैवर्त, सुनीता पाटिल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक संजय पांडे, मुकुल कर्ष,लखन राठौर मंडल महामंत्री विवेक झा प्रचार प्रसार प्रभारी गुरदीप सिंह उपस्थित रहे। तकनीकी प्रभारी मुकेश अग्रवाल ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दिया गया।

## प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए विभाग गुणवत्तापूर्ण करें कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विभिन्न विभागीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का निराकरण में प्रगति लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए प्रत्येक विभाग समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करे।

**खास बात**

■ समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं व लंबित प्रकरणों की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए शेष पात्र किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की प्रगति का जानकारी लेते हुए संयुक्त खाताधारक किसानों का भी नियमानुसार पंजीयन कर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी राजस्व पट्टाधारियों का शत प्रतिशत पीएम किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन कराने निर्देशित किया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने नगरीय निकायों में अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडरों से आवेदन प्राप्त करने तथा उन्हें त्वरित रूप से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत स्ट्रीट वेंडरों की पहचान कर उन्हें भी योजना से जोड़ने तथा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अधिकाधिक हितग्राहियों को शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, ओएसडी तरुण कुमार किरण, सहायक कलेक्टर ईशान जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, अपर कलेक्टर द्वय देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब ने जिला अस्पताल के 70 चिकित्सकों का किया सम्मान



सम्मान समारोह के अवसर पर उपस्थित चिकित्सक और लायंस क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉक्टर्स डे के अवसर पर जिले और उपनगरीय क्षेत्रों में समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा चिकित्सकों के सेवाभावी कार्यों के लिए उनको सम्मानित करने जैसा अनुकरणीय कार्य किया। इसी कड़ी में लायंस क्लब के द्वारा चिकित्सकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम जिला मेडिकल अस्पताल में आयोजित किया गया।

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में जिला मेडिकल अस्पताल में 70 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिसमें क्लब के लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के कुलसचिव डॉ कमल किशोर सहारे तथा विशिष्ट अतिथि मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ गोपाल कँवर, सीएमएचओ डॉ सूर्य नारायण केसरी, पीएमजेएफ लायन परमानन्द अग्रवाल, अध्यक्ष लायन डा. लव कुमार साहू, सचिव सुशील मिश्रा तथा लायन साथी जिनमें लायन राजेश कुमार त्रिपाठी, लायन प्रवीण मिल्टन, लायन दीपक अग्रवाल, लायन जेके जैन, लायन सोनल शाह, लायन हेमंत लसार, लायन टीका राम साहू, लायन रामसेवक अग्रवाल, लायन सूर्यकांत ठाकुर आदि 20 से भी ज्यादा लायन साथी उपस्थित रहे। कार्यकर्म का संचालक लायन पदमाकार सिंदे एवं आभार लायन परमानन्द अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष लायन डॉ. लायन लव कुमार साहू व सचिव सुशील मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### डॉक्टर्स व सीए का सम्मान

लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा लायंस स्कूल टी.पी. नगर में डॉक्टर्स एवं सी.ए. डे कार्यक्रम के तहत डॉ. एस.एस. सब्बरवाल, डॉ. सरफराज खान, डॉ. फरनाज शेख एवं सीए मोनिका अग्रवाल, सीए अखिलेश अग्रवाल, सीए आशीष अग्रवाल का शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप बताया एवं कहा भगवान के बाद डॉक्टर्स ही हैं, जो इंसानों को दूसरा जीवनदान देते हैं। डॉक्टर्स जरूरतमंद लोगों को ठीक करने, उन्हें स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन फिर भी कई बार हम इनको धन्यवाद कहना भूल जाते हैं। डॉक्टर्स डे हमें मौका देता है, डॉक्टर्स को उनके निस्वार्थ काम के लिए थैंक्स कहने का। कार्यक्रम में लक्की ड्रा गेम रखा गया जिसके विजेता बी.एम. शर्मा को अध्यक्ष के तरफ से गिफ्ट दिया गया। मंच संचालन संतोष खरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एमजेएफ रोहित राजवाड़े पूर्व अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष दिनेश राठौर, एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, अरविन्द साहू, लायन मनमोहन यादव, जसपाल सिंह, कामायनी दुबे, शहनाज शेख, भगवती अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायी।



## हेल्थकेयर सेजस चैतमा के चिकित्सकों का किया गया सम्मान



चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतम

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना हेल्थकेयर सेजस चैतमा वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ब्यख्याता, कु चंद्रमुखी साहू हेल्थकेयर शिक्षक स्वंय सेवक विजय कुमार, आयुष कंवर ने डॉ तृप्ति तिवारी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी चैतमा डॉ. अलकनंदा तिर्की, एमओ डॉ. विजेंद्र रस्तोगी, एचएमओ डॉ. एल एस यादव, आरएमए और इं चा ज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा का श्रीफल शाल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भगवान के बाद अगर इस धरती पर किसी को जीवनदाता का दर्जा दिया गया है, तो वे डॉक्टर हैं। डॉक्टरों के इसी निस्वार्थ योगदान, समर्पण और सेवा भाव को सम्मान देने के लिए हर साल 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का एक विशेष अवसर है। इस अवसर पर डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक रासेयो, प्रो वायके तिवारी जिला संगठन, चंद्राणी सोम प्राचार्य, राजलाल सिन्द्रम सरपंच ग्राम पंचायत चैतमा, सुकालू प्रजापति अध्यक्ष शाला विकास समिति, डीके आदिले संसद प्रतिनिधि, अमर नाथ कैवर्त पूर्व अध्यक्ष सेजस चैतमा उपस्थित रहे।

### आयुक्त पहुंचे प्रेस क्लब

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय बुधवार की सुबह तिलक मार्ग स्थित प्रेस क्लब पहुंचे, क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों के प्रेस क्लब की आवश्यकताओं एवं परिसर के विकास, विस्तार व सौदंर्यीकरण से जुड़ी जरूरतों पर चर्चा करते हुये निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे तत्काल प्रेस क्लब के सम्पूर्ण परिसर का विस्तृत सर्वे कर प्रेस क्लब के विस्तार, विकास व सौंदर्यीकरण का समुचित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा प्रेस क्लब के विकास व विस्तार हेतु 40 लाख रूपये प्रदान किये जाने की घोषणा की थी।

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०)**

**आम ईश्तहार/नोटिस**

प्रोसेस क्र. 164/2026
प्र.क्र. 08/2026
पेशी तारीख 20/07/2026

**जीवन दास महंत** — आवेदक/वादी
बनाम
**आम जनता वगैरह** — अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवेदक/वादी **जीवन दास महंत** ने अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-20-07-2026 तिथि नियत है।

अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20-07-2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 23-06-2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//सूचना पत्र//**

**क्र./537/ना.तह./वाचक/2026 हरदीबाजार दिनांक 24-06-2026**

**ग्राम अंडीकछार, प.ह.नं. 08, तहसील हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) पक्षकार : सुकुल सिंह पिता जोहन सिंह विरूद्ध दुर्गा बाई पति विजय कुमार एवं 01 अन्य**

**प्रति,**

**फागूराम पिता इंदल, जाति-नामालूम, साकिन-अंडीकछार, तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

--::00::--

आवेदक सुकुल सिंह पिता जोहन सिंह, उम्र-77 वर्ष, जाति-गोंड़, साकिन अंडीकछार तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ. ग.) मो.नं.- 79992-06337 द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किये जाने बाबत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली में आवेदन पेश किया गया है। उक्त आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। आवेदक ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि, आवेदक के नाम पर ग्राम-अण्डीकछार, प.ह.नं. -08 तहसील-हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) में भूमि ख.नं. 566/2, 567/3, 495 रकबा क्रमशः 0.396, 0. 096, 0.232 हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.728 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि आवेदक को खरीदी से प्राप्त भूमि है। आवेदक की उक्त भूमि में से ख.नं. 495 रकबा 0.223 हे. एवं ख.नं. 566/2 रकबा 0.632 हे. की भूमि अनावेदक क्रमांक 01 दुर्गा बाई पति विजय कुमार के नाम पर वर्तमान कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज है, जिसके कारण अनावेदक क्रमांक 01 को पक्षकार बनाया गया है। भूमि ख.नं. 495 रकबा 0.223 हे. एवं ख.नं. 566/2 रकबा 0. 632 हे. की भूमि में से रकबा 0.396 हे. भूमि को आवेदक अपने नाम पर राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है। आवेदक की उक्त भूमि ख.नं. में से ख.नं. 567/3 रकबा 0.157 हे. की भूमि अनावेदक क्रमांक 02 फागूरमा पिता इंदल के नाम पर वर्तमान कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। जिसके कारण अनावेदक क्रमांक 02 को पक्षकार बनाया गया है। ख.नं. 567/3 रकबा 0.157 हे. की भूमि में से रकबा 0.096 हे. की भूमि को आवेदक अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है। आवेदक की उक्त भूमि ख.नं. आवेदक के नाम पर कम्प्यूटर राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं होने से आवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा शासन से मिलने वाली शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं मिल पा रहा है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि को अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 28 माह 07 सन 2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार हरदीबाजार पर होगी। अतः आप उक्त संबंध में स्वत्व से संबंधित दस्तावेज सहित नियत पेशी दिनांक 28/07/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 24/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के सील व मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार, हरदीबाजार**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### लायंस इंटरनेशनल सम्मेलन में शामिल होंगे पीएमजेएफ जयप्रकाश, राजकुमार व दीपक




**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ़ कोरबा के पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) और लायन दीपक अग्रवाल लायंस इंटरनेशनल के 107वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हांगकांग में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 2 से 7 जुलाई आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनिया के 210 देशों से हजारों लायंस प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच सेवा गतिविधियों, नेतृत्व विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

### शोभायात्रा निकालकर मनाया गया संत कबीर साहेब का 629वाँ प्राकट्य दिवस



**कोरबा।** छग प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान में पाली नगर में संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब का 629वाँ प्राकट्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कबीर आश्रम से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख चौकों पौड़ी चौक, अटल चौक, बृहस्पति बाजार, पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक से होते हुए वापस आश्रम पहुँची। हाथों में श्वेत ध्वज लिए श्रद्धालुओं के अनुशासित सैलाब, धुमाल की गूंज और पारंपरिक कर्मा नृत्य ने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं और युवा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रदेश महासचिव नानही दास दीवान, प्रदेश सचिव गोरेदास, प्रदेश सहसचिव सुश्री मनीषा दास, प्रदेश उपाध्यक्ष पवनदास, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव श्रीमती सुचित्रा मानिकपुरी, कोरबा जिलाध्यक्ष संतोष दास महंत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दास ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष कंवल दास, श्रीमती प्रीति महंत, दिनेश दास, राजू महंत और श्रवण दास सहित समाज के अनेक सहयोगियों के सक्रिय योगदान रहा।

### कबीर साहेब की 628वीं प्रागट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बांकीमोंगरा।** सद्गुरु कबीर की 628 वीं प्रागट्य दिवस सद्गुरु कबीर सत्संग भवन रेस्ट हाउस परिसर में भारतीय मानिकपुरी (महंत) समाज एवं सद्गुरु कबीर साहेब पंथ अनुयायी परिवार के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के संरक्षक संचालक केडी महंत द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताये कि सद्गुरु कबीर साहेब एक शांति प्रिय क्रांतिकारी महापुरुष के रूप मे 120 वर्ष का पूरा उनका जीवन यही संदेश वाहक के रूप मे बिता। उन्होंने मानव को उच्च नीच, छोटा बड़ा, छुवाछुत की नजरिये को छोड़कर केवल मानवता की दृष्टि से ही देखने और ब्यवहार करने पर जोर दिए हैं। इस अवसर पर पवनदास महंत (अध्यक्ष) रामबिलास महंत, मोहन दास महंत, महेतरु दास महंत, आरती दास महंत, कवि महंत, लक्ष्मी दास महंत, राजकुमार चंद्रा, साधू राम साहू, चम्पा देवी, रतन बाई, सोनी महंत, अंजू महंत, दिलीप कुमारी, सुमिरन यादव, पूर्णिमा महंत, पूनम महंत, जुली महंत, सुमन महंत, किला महंत, जलवती महंत, माधुरी महंत उपस्थित रहे। इस मौके पर सात्विक चौका आरती महंत सुंदर दास, दीवान इंद्रपाल दास के द्वारा किया गया।

# ग्रामीण अंचलों में अब होंगे जी रामजी योजना से काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मांगते ही रोजगार देने वाली महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना 30 जून से बंद होने के बाद 1 जुलाई से चालू हो गई जी रामजी योजना। ग्रामीण अधोसंरचना विकास के साथ शुरू हुई इस योजना में 125 दिन काम के बदले न्यूनतम 300 रुपए मजदूरी दी जाएगी। वहीं सिंचाई, सड़क निर्माण और जल संरक्षण के कार्यों को भी इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण विकास की आधार रही है। इस योजना के तहत ग्रामों से आने वाले कार्यों के प्रस्ताव को 15 दिन के अंदर मंजूरी देकर लोगों को रोजगार देना प्रमुख उद्देश्य रहा है। प्रारंभ में 100 दिन के रोजगार देने के साथ योजना की शुरुआत हुई थी। धीरे धीरे बदलाव के साथ मजदूरी दर बढ़ाई और भुगतान भी जॉब कार्डधारियों के बैंक खाते में किया जाने लगा। लगभग 20 साल बाद मनरेगा 30 जून को बंद हो गई और 1 जुलाई से जी रामजी योजना लागू हो गई। पूर्णतः तकनीक आधारित इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों से जो भी कार्य पहुंचेंगे उनमें प्राथमिकता के आधार पर ही कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। 125 दिन रोजगार देने की गारंटी वाली योजना में 327 रुपए मजदूरी निर्धारित की गई है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक मजबूत आधार देने के लिए किया जा रहा है। पहले की तुलना में अधिक दिनों तक रोजगार देने की तैयारी की गई है।

## 125 दिन काम के बदले मिलेगी 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी

**खास बातें**

- सिंचाई, सड़क निर्माण और जल संरक्षण के काम होंगे प्राथमिकता से



### गांव स्तर पर तैयार होंगे रोडमैप

ग्राम पंचायतों की बैठक में गांव के विकास को लेकर रोडमैप तैयार होंगे। योजना की सबसे बड़ी विशेषता विकास कार्यों की वैज्ञानिक एवं तकनीक आधार पर योजना बनाई जाएगी। जिसके तहत गांव में सेटेलाइट डेटा के साथ गांव पूर्ण अभिलेख इस योजना के प्रमुख आधार रहेंगे। जिसके आधार पर कार्य के विवरण तैयार किए जाएंगे और वहां से तैयार कर जिला पंचायत को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

### इन कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

गांव के विकास के लिए सभी तरह के कार्यों को शामिल किया जाएगा। लेकिन निर्माण कार्यों को प्राथमिता नहीं मिलेगी। जल संरक्षण के कार्य के साथ पहुंच मार्ग का निर्माण एवं गांव में सिंचाई साधनों के कार्यों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी गांव से आने वाले कार्यों के प्रस्ताव में प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति मिलेगी। जिनमें सिंचाई, सड़क और जल संरक्षण के कार्य प्राथमिक रूप से शामिल हैं।

## लेट बाथ की रहेगी भवन में सुविधा

# नए लेआउट से तैयार किए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल भवन



पुराने लेआउट से बना आंगनबाड़ी भवन।



नए लेआउट से बना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आने वाले समय में आंगनबाड़ी केन्द्र के नए भवन एवं प्रायमरी स्कूल भवन के लिए नए लेआउट तैयार किया जा रहा है। इस नए लेआउट में शौचालय की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुराने लेआउट से बने भवन के निर्माण में कहीं भी शौचालय के निर्माण की सुविधा नहीं होने से अलग से निर्माण करना पड़ता था।

शासकीय भवनों के निर्माण को लेकर अब उनके लेआउट में बदलाव किया जा रहा है। कम जगह पर निर्माण को प्रमुखता दी जा रही है। वर्तमान में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण पुराने लेआउट में किया गया है। इस लेआउट में प्रायमरी स्कूल में महज दो कमरे और एक बरामदे की सुविधा थी। एक प्रधान पाठक कक्ष भी शामिल था। इसी तरह आंगनबाड़ी भवन के पुराने लेआउट में छोटा बरामदा, एक कमरा और एक स्टोर रूम की सुविधा थी। छोटे बच्चों के लिए शौचालय तक की सुविधा आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं होने के कारण कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले में 2601 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जिसमें से 800 केन्द्रों के लिए नए भवन का निर्माण चल रहा है और इन नए भवनों का जो लेआउट तैयार हुआ है उसमें शौचालय की सुविधा उपलब्ध रहेगी। एक बड़े क्षेत्र में नए लेआउट के साथ बन रहे आंगनबाड़ी भवन में किचन, लैट बाथ, एक रूम और एक बरामदा का निर्माण हो रहा है।

इसी तरह प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवन के लेआउट में 4 कमरे, एक बरामदा, एक प्रधान पाठक कक्ष की सुविधा दी जाएगी। हालांकि यह नए लेआउट में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। जिले में जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कर जिन स्कूल भवनों का निर्माण हो रहा है वह पुराने लेआउट से ही हो रहा है। जिसमें एक बार फिर बच्चों के बैठने की समस्या का सामना स्कूल प्रबंधन को करना पड़ेगा।

**खास बात**

- पुराने लेआउट में शौचालय निर्माण नहीं था शामिल

### सर्वशिक्षा अभियान में आया था नया लेआउट

हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के लिए भवन निर्माण का नया लेआउट सर्वशिक्षा अभियान के दौरान आया था। इसके तहत डबल मंजिला स्कूलों का निर्माण किया गया है। ये सभी सर्वसुविधायुक्त भवन बन रहे हैं। इस नए लेआउट से हाई स्कूल हायर सेकेंडरी को दो मंजिला भवन मिलने के कारण खेल मैदान के लिए अतिरिक्त जगह मिलने के साथ लाइब्रेरी व प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण भी किया गया है। जबकि पुराने लेआउट में लाइब्रेरी कक्ष था ही नहीं और प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण भी अलग से कराना पड़ता था। नए लेआउट के तहत ग्राम पंचायत लेमरू, ग्राम पंचायत भुलसीडीह सहित पाली आदि ब्लाक मुख्यालय में नए भवन का निर्माण किया गया है।

### अभी भी मंच पर बैठने की मजबूरी

ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूल ऐसे हैं जहां दर्ज संख्या अधिक होने के कारण बच्चों को मंच पर बैठाया जाता है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत कुदमुरा में प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या अधिक होने के कारण मंच पर बैठाने की मजबूरी हो गई थी। 16 जून से स्कूल जरूर खुल गए हैं, लेकिन उपस्थिति एक जुलाई से ही बढ़ती है। ऐसी स्थिति में कुदमुरा प्राथमिक शाला में एक बार फिर बच्चों को मंच पर बैठाने की मजबूरी प्रबंधन के सामने आएगी।

# रामपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 6 प्रवासी पक्षियों की मौत



आकाशीय बिजली से मृत पड़े प्रवासी पक्षी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर में बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से छह साइबेरियन पक्षियों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल है तथा ग्रामीणों ने गांव में स्थापित तड़ित चालकों (लाइटनिंग अरेस्टर) की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 3:45 बजे मौसम अचानक करवट ली और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरु हो गई। इसी दौरान गांव के दशहरा चौक के समीप स्थित एक विशाल इमली के पेड़ पर आकाशीय बिजली का जोरदार प्रहार हुआ। उस समय पेड़ पर बड़ी संख्या में पक्षी बैठे हुए थे, जिनमें से छह साइबेरियन पक्षी बिजली की चपेट में आकर मौके पर ही मृत हो गए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, संबंधित विभागों और पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव में लगे सभी तड़ित चालकों का तत्काल तकनीकी परीक्षण कराया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे वर्तमान में सक्रिय और कार्यशील हैं या नहीं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि उपकरण निष्क्रिय या खराब पाए जाते हैं, तो उन्हें तत्काल बदलकर आधुनिक और उच्च क्षमता वाले तड़ित चालक स्थापित किए जाने चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेषज्ञों की टीम भेजकर पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने उटाए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**कोरबा।** लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ उपरोड़ा निवासी सागर मंझवार पिता बिगनी मंझवार एक सप्ताह पहले अपने परिजनों के साथ अपने मामा के घर रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह आया हुआ था। जहां सागर मंझवार 30 जून को अपने अन्य साथी के साथ आवेश कुरैशी ग्राम डूमरडीह के मुर्गी फार्म हाउस में गया हुआ था इस दौरान फार्म हाउस में लगे कुलर के करंट के चपेट में आने से सागर मंझवार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# डीएसपीएम संयंत्र 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के वरिष्ठ पर्यवेक्षक छबीराम साहू, सुरक्षा उपनिरिक्षक धनसाय सिहं आरमों, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक त्रिभुवन प्रसाद गुप्ता, संयंत्र सहा. श्रेणी-दो, दरश राम, ड्रेसर राजेश कुमार चौरसिया, माह जून-2026 में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। इनके सम्मान हेतु समारोह का आयोजन ए.बी. टाईप आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल की अध्यक्षता में एवं अति विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक (पीजीटीआई) एस. के. बंजारा तथा अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण, सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारी के परिवारजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई। संजीव कंसल ने सेवानिवृत्त हो रहे छबीराम साहू, धनसाय सिंह आरमों, त्रिभुवन प्रसाद गुप्ता, दरश राम, राजेश कुमार चौरसिया के सेवा के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि आप सभीं ने दिये गये सभी दायित्वों को बडी.ही सरलता एवं सहजता के साथ पूर्ण किया है जो कि सराहनीय है।

# जेबीसीसीआई गठन को लेकर संयुक्त मोर्चा ने गेवरा में की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते हुए संयुक्त मोर्चा के सदस्य।

कोयला कर्मियो के 11वां वेतन समझौते की मियाद 30 जून को समाप्त हो गई है। यही वजह है कि अब कर्मी 12वें वेतन समझौते को लेकर जेबीसीसीआई के गठन की मांग कर रहे हैं। बुधवार को संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में गेवरा परियोजना के श्रमिक चौक में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।

संयुक्त मोर्चा एचएमएस एटक, इंटक , सीटू गेवरा क्षेत्र के तत्वाधान पर बुघवार को एचएमएस के अध्यक्ष रेशम लाल यादव की उपस्थिति में गेवरा परियोजना के मेन गेट श्रमिक चौक में गेट मीटिंग, धरना प्रदर्शन करते हुए जेबीसीसीआई-12 गठन की मांग कर मांग दिवस मनाया एवं कोल इंडिया प्रबंधन को गेवरा क्षेत्रीय प्रबंधन के माध्यम से जेबीसीसीआई -12 शीघ्र गठन करने के लिए मांग पत्र, ज्ञापन सौंपा गया। गेट मीटिंग प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी एवं ठेकेदारी कर्मचारी शामिल हुए और कोल प्रबंधन से मांग किये कि कर्मचारियों का वेतन समझौता वार्ता शुरू करने के लिए जल्द से जल्द जेबीसीसीआई का गठन किया जाए ताकि कोल इंडिया के कर्मचारियों को उनका रिवाइज्ड वेतन समय से मिलना शुरू हो जाए। मांग पत्र को गेवरा के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक श्रीमती सुधा शिंदे को गेवरा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू के पदाधिकारियों ने मांग पत्र ज्ञापन को सौपा। संयुक्त मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने एवं कर्मचारियों ने जेबीसीसीआई-12 का गठन जल्द करो के नारे लगाए।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## छात्रों की बढ़ती दर्ज संख्या से स्कूल भवन पड़ रहा था छोटा

# भैसमा हायर सेकेंड्री स्कूल को मिली दो मंजिला भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लाक अंतर्गत आने वाले भैसमा तहसील के सबसे पुराने हायर सेकेंडरी स्कूल को अब दो मंजिला भवन की सौगात मिली है। इसकी घोषणा जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के दौरान प्रदेश के श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन के दौरान की है। उक्त स्कूल आसपास के 15 से 20 ग्रामों के बीच सबसे बड़ा स्कूल है जहां प्रतिवर्ष दर्ज संख्या बढ़ते जा रही है।

डीएमएफ से नए स्कूल भवनों के साथ पुराने स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भैंसमा हायर सेकेंडरी स्कूल की भी तस्वीर बदलने जा रही है। लंबे समय से क्षेत्र का एक मात्र हायर सेकेंडरी स्कूल होने के कारण आसपास के ग्रामीण अंचलों का यह एक मात्र शिक्षा का केंद्र हुआ करता था जहां ग्रामीण अंचलों के छात्र प्रवेश लेते हैं। भैसमा में ही शासकीय कॉलेज संचालित होने के कारण छात्रों की पहली पसंद भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल रहता है वहीं बालक एवं कन्या छात्रावास की सुविधा होने एवं उरगा के नजदीक होने के कारण उक्त स्कूल का अपने आप में महत्वपूर्ण बढ़ जाता है। तहसील कार्यालय होने के कारण भी भैसमा एक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख स्थान बन चुका है। जिसकी वजह से ग्रामीण अभिभावक भी भैसमा हायर सेकेंडरी में प्रवेश दिलाने इच्छुक रहते हैं। वर्तमान में स्कूल एक मंजिला होने के कारण छात्रों की बैठक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। 15 सौ के लगभग छात्रों की दर्ज संख्या है। जिसकी वजह से स्कूल भवन के विस्तार की आवश्यकता महसूस हो रही थी। उद्योग मंत्री के घोषणा के बाद भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल को दो मंजिला भवन का रुप दिया जाएगा। साथ ही साथ स्कूल की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। दोनों ही काम डीएमएफ की राशि से किए जाएंगे।




फाइल फोटो

### दर्ज संख्या अधिक होने के कारण भवन की जरुरत

भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र का सबसे बड़ा और पुराना भवन है। दर्ज संख्य अधिक होने के कारण नए भवन की जरुरत महसूस हो रही थी। पुराने भवन के उपर ही नए कमरों का निर्माण कर दो मंजिला स्वरुप दिया जाएगा।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

